2835(E)
29/04/2026

# पथ निर्माण विभाग

## दिनांक 28/4/2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

पथ प्रमंडल, मधेपुरा के अन्तर्गत Widening & Strengthening of Chandani Chowk Madhepura (NH-107) to Pastpar (NH-106) via Murho, Hanuman Nagar Road from Chainage:-0+000 to 10+813 (Total Length:-10.813 Km.) for the year 2025-26 कार्य की निविदा के वित्तीय बीड पर निर्णय हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थितिः**

(i) श्री पंकज कुमार पाल, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री सुनील कुमार सुमन, मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री मजीद अहमद, आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. दिनांक–24.11.2025 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही जो उपभागीय ज्ञापांक–1577 दिनांक–28.11.2025 द्वारा संसूचित है में लिए गए निर्णय, तदनुसार मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1665(अनु०) दिनांक–13.12.2025 के माध्यम से प्राप्त वित्तीय बीड की अनुशंसा एवं जाँच–पत्र में अंकित सूचनाओं के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | : | Widening & Strengthening of Chandani Chowk Madhepura (NH-107) to Pastpar (NH-106) via Murho, Hanuman Nagar Road from Chainage:-0+000 to 10+813 (Total Length:-10.813 Km.) for the year 2025-26 |
| 2.2 | योजना मद | : | 5054 |
| 2.3 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | : | पथ प्रमंडल, मधेपुरा। |
| 2.4 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹3769.46 लाख।<br>विभागीय ज्ञापांक–6360(एस०) दिनांक–17.07.2025 |
| 2.5 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹3782.21 लाख।<br>मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का ज्ञापांक–1115 दिनांक–21.08.2025 |
| 2.6 | परिमाण विपत्र की राशि | : | ₹3600.84570 लाख। |
| 2.7 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 15 (Fifteen) Months. |
| 2.8 | निविदा की प्रक्रिया | : | ई–टेंडरिंग (SBD) |
| 2.9 | निविदा प्राप्ति की तिथि | : | 17.09.2025 |
| 2.10 | प्राप्त निविदा की संख्या | : | 03 (तीन) अदद यथाः– |

(i) M/s Ujjain Engicon India Private Limited

(ii) Abhay Construction

(iii) Bikash Kumar

2.11 विभागीय संचिका संख्या एवं उपभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा तकनीकी बीड निष्पादन का प्रसंग : प्र0–7 / निविदा–03–240 / 2025 उपभागीय ज्ञापांक–1577 दिनांक–28.11.2025

2.12 प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण : पुनर्निविदा नहीं है।

2.13 परिवाद की स्थिति : परिवाद प्राप्त नहीं है।

3. **मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग का अनुशंसा (पत्रांक–1665(अनु0) दिनांक–13.12.2025):–**

विषयांकित कार्य के निविदा के तकनीकी बीड पर दिनांक–24.11.2025 को सम्पन्न बैठक में उपभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा लिये गये निर्णय, जो ज्ञापांक–1577 दिनांक–28.11.2025 द्वारा संसूचित है, पर निर्धारित समय सीमा के अंदर कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने के उपरान्त तकनीकी बीड में सफल निविदाकारों का वित्तीय बीड कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, मधेपुरा द्वारा खोला गया है। तत्पश्चात् प्रासंगिक पत्र द्वारा विषयांकित कार्य के निविदा का वित्तीय बीड का तुलनात्मक विवरणी प्राप्त हुआ है। तकनीकी बीड में सफल दोनों निविदाकारों का वित्तीय बीड में निविदित राशि निम्नवत् है:–

| क्र0 सं0 | निविदाकार का नाम | परिमाण विपत्र की राशि (Rs.) | उद्धृत दर (%) | उद्धृत दर पर राशि (Rs.) | बीड रैंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **Abhay Construction** | **₹36,00,84,570.00** (छत्तीस करोड़ चौरासी हजार पाँच सौ सत्तर रुपये) | परिमाण विपत्र की राशि से 23.25% (तेंईस दशमलव दो पाँच) प्रतिशत कम दर पर। | **₹27,63,64,907.48** (सत्ताईस करोड़ तिरसठ लाख चौसठ हजार नौ सौ सात रुपये अड़तालीस पैसे) | **L-1** |
| 2. | M/s Ujjain Engicon India Private Limited | | परिमाण विपत्र की राशि से 15.37% (पन्द्रह दशमलव तीन सात) प्रतिशत कम दर पर। | ₹30,47,43,172.44 (तीस करोड़ सैंतालीस लाख तेतालीस हजार एक सौ बहत्तर रुपये चौवालीस पैसे) | L-2 |

उपरोक्त विवरणी के अनुसार तकनीकी बीड में सफल दोनों निविदाकारों में से Abhay Construction का वित्तीय बीड में निविदित दर न्यूनतम है, जो परिमाण विपत्र की राशि से 23.25% कम दर है। निविदित दर के अनुसार विषयाधीन कार्य की निविदित राशि ₹27,63,64,907.00 (सत्ताईस करोड़ तिरसठ लाख चौसठ हजार नौ सौ सात रुपये) मात्र होती है।

उक्त के आलोक में निविदा के तकनीकी बीड में सफल तथा वित्तीय बीड के न्यूनतम निविदाकार Abhay Construction के पक्ष में निविदा निष्पादन की अनुशंसा के साथ वित्तीय बीड की तुलनात्मक विवरणी, जाँच–पत्र एवं अन्य अभिलेख संलग्न कर आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित की जा रही है।

4. उक्त विषयांकित कार्य की निविदा का वित्तीय बीड तुलनात्मक विवरणी के संबंध में विभागीय पत्रांक–8656(E) दिनांक–24.12.2025 द्वारा Unbalanced Bid Price जो परिमाण विपत्र की राशि से 23.25% कम है, के कारण SBD के ITB की कंडिका–27.4 के अनुरूप Item wise Price Justification सफल न्यूनतम निविदाकार Abhay Construction (L-1) से प्राप्त करने के साथ Item Wise Price Justification पर अपना स्पष्ट मंतव्य के साथ प्रतिवेदन समर्पित करने का निदेश मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को दिया गया, जिसके अनुपालन में मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–129(अनु०) दिनांक–21.01.2026 के माध्यम से मंतव्य के साथ प्रतिवेदन समर्पित किया गया है, जो निम्नवत् हैः–

निविदाकार Abhay Construction द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि "निविदित दर जो परिमाण विपत्र से (-) 23.25% कम दर उद्धृत है। इतने कम दर पर कार्य करना मेरे लिए संभव है, चूँकि कार्य में प्रयुक्त सभी Machinery Tools तथा मालवाहक वाहन मेरे खुद के है। जिसमें मुझे केवल Diesel तथा Maintenance का ही खर्च लगता है।

उक्त के आलोक में कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, मधेपुरा के पत्रांक–31(अनु०) दिनांक–09.01. 2026 से निविदाकार Abhay Construction द्वारा Item wise Price Justification का अभिलेख उपभागीय कार्यालय को अधीक्षण अभियंता, पथ अंचल, सहरसा के माध्यम से उपलब्ध कराई गई है।

इस संबंध में अधीक्षण अभियंता, पथ अंचल, सहरसा के पत्रांक–91(अनु०) दिनांक–20.01.2026 द्वारा उल्लेखित किया गया है "सरकार द्वारा BOQ से न्यूनतम दर पर कार्य करने की सीमा निर्धारित नहीं है। चूँकि निविदाकार Abhay Construction द्वारा BOQ की राशि से 23.25% कम दर पर कार्य करने के लिए तैयार है, जिससे सरकारी राजस्व की हानि नहीं होगी।"

अतः निविदाकार से प्राप्त सहमति पत्र, Rate Justification एवं Tools Machinery की छायाप्रति अधीक्षण अभियंता, पथ अंचल, सहरसा के मंतव्य से सहमत होते हुए आवश्यक कार्रवाई हेतु भवदीय को समर्पित की जाती है।

निर्गत शाखा
29/4/26

5. विभागीय निविदा समिति का निर्णयः

5.1 मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1665(अनु०) दिनांक–13.12.2025 के माध्यम से प्राप्त अनुशंसा एवं विभागीय पत्रांक–8656(E) दिनांक–24.12.2025 द्वारा दिए गए निदेश के आलोक में मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग के पत्रांक–129(अनु०) दिनांक–21.01.2026 द्वारा समर्पित मंतव्य के साथ **Price Justification** प्रतिवेदन के आधार पर सम्यक विचारोपरान्त समिति द्वारा पथ प्रमंडल, मधेपुरा के अन्तर्गत **Widening & Strengthening of Chandani Chowk Madhepura (NH-107) to Pastpar (NH-106) via Murho, Hanuman Nagar Road from Chainage:-0+000 to 10+813 (Total Length:-10.813 Km.) for the year 2025-26** कार्य की निविदा मे वित्तीय बीड में सफल न्यूनतम निविदाकार **Abhay Construction** को उनके उद्धृत दर जो परिमाण विपत्र की राशि से 23.25% (तेंईस दशमलव दो पाँच) प्रतिशत कम यानि् ₹27,63,64,907.00 (सत्ताईस करोड़ तिरसठ लाख चौसठ हजार नौ सौ सात रुपये) मात्र, पर निविदा की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

5.2 यदि उक्त संवेदक पथ निर्माण विभाग में निबंधित नहीं है, तो बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के अधीन उनके निबंधित होने के उपरान्त ही एकरारनामा किया जाए।

5.3 एकरारनामा करने के पूर्व अग्रधन की राशि का सत्यापन संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा कराना सुनिश्चित किया जाय।

5.4 निविदाकार से SBD के सुसंगत कडिकाओं के आलोक में निर्गत विभागीय पत्रांक–447(S) दिनांक–16.01.2020 में निहित प्रावधान के अन्तर्गत आवश्यक अतिरिक्त Performance Security प्राप्त करने के उपरान्त ही एकरारनामा किया जाय।

5.5 राशि की अंकगणितीय जाँच मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना द्वारा अपने स्तर से कर लिया जायेगा।

5.6 एकरारनामा होने के उपरान्त इसकी सूचना विभाग को भी उपलब्ध करायी जाय।

5.7 विभागीय निविदा समिति की इस कार्यवाही को **e-proc website** पर प्रदर्शित करने के अलावे विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 28/04/26 | 28/4/26 | 28/04/26 | |
| (मजीद अहमद)<br>आन्तरिक वित्तीय सलाहकार,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (सुनील कुमार सुमन)<br>मुख्य अभियंता,<br>सीमांचल उपभाग,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (उमा कान्त रजक)<br>अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (पंकज कुमार पाल)<br>सचिव,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। |

ज्ञापांकः प्र0–7 / निविदा–03–240 / 2025 2835 (E) पटना, दिनांक 29/04/2026

**प्रतिलिपिः**– मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / मुख्य अभियंता(अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / अधीक्षण अभियंता, पथ अंचल, सहरसा / कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमण्डल, मधेपुरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित / आई0टी0 मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

28/04/26

(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार पटना।